# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 27-12-23 | 03 | 2-5 |

कार्यक्रम • एचएयू के कैंपस स्कूल ने मनाया 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

# वीसी प्रो. काम्बोज ने पहली से 12वीं तक के मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

**विद्यार्थी देश का भविष्य इनका सर्वांगिण विकास जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज**

भास्कर न्यूज | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। इसमें मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि वे विश्व के प्रतिष्ठित हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित कक्षाएं उपलब्ध हैं, जहां विद्यार्थी उच्च शिक्षा व ज्ञान प्राप्त कर अपने लक्ष्यों को बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

## मेधावी विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप से सम्मानित किया

स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इसके बाद पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। नन्हे-मुन्नों ने नाट्य मंचन से किया सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार, मीरा का भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्ति प्रेम को भी दर्शाया। समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हें-मुन्नों ने नाट्य मंचन से नारी के प्रति भेदभाव, छुआछूत सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों को दर्शाया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति मीराबाई के अथाह प्रेम को विद्यार्थियों ने बेहतरीन तरीके से नाट्य मंचन की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 27-12-23 | 04 | 2-4 |

# विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास जरूरी : कुलपति

- विश्वविद्यालय के कुलपति ने पहली से 12वीं कक्षा तक के मेधावी विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत
- हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

जागरण संवाददाता, हिसार: चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसला बढ़ाया।

मुख्यातिथि प्रो. बीआर काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि वे विश्व के प्रतिष्ठित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित कक्षाएं उपलब्ध हैं जहां विद्यार्थी उच्च शिक्षा व ज्ञान प्राप्त कर अपने लक्ष्यों को बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।




कुलपति प्रो . बीआर काम्बोज विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। • पीआरओ

स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया। अभिभावकों जिनमें डा. रामकुमार यादव, डा. निर्मल यादव, डा. मदन मोहन गांधी व डा. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कालरशीप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरआल विजेता नेहरू सदन रहा। नन्हें-मुन्नों ने नाट्य मंचन से किया सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार किया। इसके बाद नन्हें-मुन्नों ने हरियाणवी, पंजाबी, घूमर-राजस्थानी, मराठी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 27-12-23 | 04 | 5-6 |

# विद्यार्थी देश का भविष्य इनका सर्वांगीण विकास जरूरी : प्रो. काम्बोज

हिसार, 26 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया।



विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा, ताकि उनका सर्वांगीण विकास हो सके। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मैरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लैफ्टिनैंट अनुभव राव गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया।

इसके बाद पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता नेहरू सदन रहा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27-12-23 | 05 | 1-4 |

# विद्यार्थी देश का भविष्य इनका सर्वांगीण विकास ज़रूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

हिसार, 26 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसलावर्धन किया। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका सर्वांगिण विकास हो सके। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि वे विश्व के प्रतिष्ठित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि




हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित कक्षाएं उपलब्ध हैं जहां विद्यार्थी उच्च शिक्षा व ज्ञान प्राप्त कर अपने लक्ष्यों को बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के सपनों को साकार कर व उनके लक्ष्यों को प्राप्त करवाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ईमानदारी व कर्त्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें ताकि कैंपस स्कूल को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कुलपति ने इस समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश स्तुति व मां सरस्वती की पूजा से किया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री. सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति मीराबाई के अथाह प्रेम को विद्यार्थियों ने बेहतरीन तरीके से नाट्य मंचन की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानिक, शिक्षाविद् एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 27-12-23 | 07 | 7-8 |

## हकृवि के कैंपस स्कूल में मेधावी विद्यार्थी पुरस्कृत

हिसार, 26 दिसंबर (हप्र)



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए। -हप्र

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित किये। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के शिक्षकों का भी उत्साहवर्धन किया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 27-12-23 | 04 | 1-5 |

## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों को किया सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया गया। इस दौरान 10वीं व 12वीं कक्षा में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया।

पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया।



कैंपस स्कूल में विद्यार्थी को सम्मानित करते कुलपति काम्बोज। स्रोत : आयोजक

इससे पहले कार्यक्रम के मुख्यातिथि व विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने भगवान श्रीगणेश स्तुति व मां सरस्वती की पूजा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कुलपति ने विद्यार्थियों की तरफ से उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 27-12-23 | 11 | 01 |

## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मनाया

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसलावर्धन किया।


# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा न्यूज | 26.12.2023 | -- | -- |


# विद्यार्थी देश का भविष्य इनका सर्वांगिण विकास जरूरी : प्रो. बी.आर. काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार, 26 दिसंबर। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसलावर्धन किया। मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका सर्वांगिण विकास हो सके। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के विद्यार्थियों को भाग्यशाली बताते हुए कहा कि उनके लिए यह गौरव की बात है कि वे विश्व के प्रतिष्ठित चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कैंपस स्कूल में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। यहां उन्हें विश्वस्तरीय सुविधाओं से सुसज्जित प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, खेल मैदान सहित कक्षाएं उपलब्ध हैं जहां विद्यार्थी उच्च शिक्षा व ज्ञान प्राप्त कर अपने लक्ष्यों को बड़ी




आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मुख्यातिथि ने कैंपस स्कूल के शिक्षकों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि वे विद्यार्थियों के सपनों को साकार कर व उनके लक्ष्यों को प्राप्त करवाने में अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ अपने कार्य का निर्वहन करें ताकि कैंपस स्कूल को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिल सके। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा उद्यमिता, पाठ्यक्रम, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन संबंधित विषयों पर तैयार की गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कुलपति ने इस समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश स्तुति व मां सरस्वती की पूजा से किया। स्कूल के प्रधानाचार्य श्री सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहि गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टि अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गर इसके बाद पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थि को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथ द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की विभि गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पां सदनों में से ओवरऑल विजेता नेहरू सदन र नन्हें-मुन्नों ने नाट्य मंचन से किया सामाजि कुरीतियों पर प्रहार, मीरा का भगवान श्री कृष्ण प्रति भक्ति प्रेम को भी दर्शाया। समारोह सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया ग जिसमें नन्हें-मुन्नों ने नाट्य मंचन से नारी के प्र भेदभाव, छुआछूत सहित अन्य सामाजिक कुरीति को दर्शाया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्र मीराबाई के अथाह प्रेम को विद्यार्थियों ने बेहतर तरीके से नाट्य मंचन की प्रस्तुति देकर सभी मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद नन्हें-मुन्नों हरियाणवी, पंजाबी, घूमर-राजस्थानी, मराठी नृ की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके अलावा पर्याव संरक्षण में अहम योगदान देने पर बल दिया। अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्याल के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, वैज्ञानि शिक्षाविद् एवं विद्यार्थीगण उपस्थित रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 26.12.2023 | -- | -- |

# विद्यार्थी देश का भविष्य, इनका सर्वांगिण विकास जरूरी : प्रो. काम्बोज

## हकृवि के कैंपस स्कूल ने मनाया 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी सभागार में कैंपस स्कूल का 50वां वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस समारोह में मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज रहे। उन्होंने स्कूल में शैक्षणिक, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कार वितरित कर उनका हौंसलावर्धन किया।

मुख्यातिथि प्रो. बी.आर. काम्बोज ने कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य है। यदि देश को आर्थिक रूप से मजबूत और समृद्ध बनाना है तो हमें अपनी युवा शक्ति की नींव को मजबूत करना होगा। इसके लिए हमें विद्यार्थी जीवन में ही युवाओं को शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक सहित समस्त गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेने के लिए प्रेरित करना होगा ताकि उनका सर्वांगिण विकास हो सके। कुलपति ने इस समारोह का शुभारंभ भगवान श्रीगणेश स्तुति व मां सरस्वती की पूजा से किया। स्कूल के प्रधानाचार्य सोमा सेखरा शर्मा धुलिपाला ने सभी का स्वागत किया व स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर अभिभावकों जिनमें डॉ. रामकुमार यादव, डॉ. निर्मल यादव, डॉ. डॉ. मदन मोहन गांधी व डॉ. सुदेश गांधी के सहयोग से कक्षा 10वीं व 12वीं में सर्वाधिक अंक लेने वाले विद्यार्थियों को साहिल गांधी मेरिट स्कॉलरशिप व दिवंगत लेफ्टिनेंट अनुभव राव गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इसके बाद पहली से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को शिक्षा, खेल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने पर विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में उत्तम स्थान प्राप्त करने पर पांचों सदनों में से ओवरऑल विजेता नेहरू सदन रहा।



हकृवि के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज विजेता विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।

## हकृवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन कल

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय सामुदायिक विज्ञान शिक्षा चुनौतियां एवं अवसर रहेगा। इस संगोष्ठी का बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा प्रोजेक्ट के तहत इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय ने इस वर्ष में अपनी स्थापना के 50 साल पूरे कर लिए हैं और इसी उपलक्ष्य में नई शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय का नाम गृह-विज्ञान से बदलकर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रखा गया है।

उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के ती तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें उपरोक्त महाविद्यालय की लगभग 30 छात्राएं भाग लेंगी। तकनीकी सत्रों विशेषज्ञों द्वारा परिवार एवं समाज महिलाओं की बदलती भूमिका औ सतत एवं समग्र विकास विषयों प संवादात्मक व्याख्यान दिए जाएंगे उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी लिंग संबंधी बाधाओं को समझ और लिंग अनुकूल समुदाय बनाने के लिए नए प्रतिमानों पर गहन विश्लेषण भी किया जाएगा।

**नन्हे-मुन्नों ने नाट्य मंचन से किया सामाजिक कुरीतियों पर प्रहार, मीरा का भगवान श्री कृष्ण के प्रति भक्ति प्रेम को भी दर्शाया :** समारोह में सांस्कृतिक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया, जिसमें नन्हे-मुन्नों ने नाट्य मंचन से नारी के प्रति भेदभाव, छुआछूत सहित अन्य सामाजिक कुरीतियों को दर्शाया। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण के प्रति मीराबाई के अथाह प्रेम को विद्यार्थियों ने बेहतरीन तरीके से नाट्य मंचन की प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद नन्हे-मुन्नों ने हरियाणवी, पंजाबी, घूमर-राजस्थानी, मराठी नृत्य की सुंदर प्रस्तुति दी। इसके अलावा पर्यावरण संरक्षण में अहम योगदान देने पर बल दिया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहे।

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अजीत समाचार | 27-12-23 | 05 | 7-8 |

# हकृवि में कल सामुदायिक विज्ञान शिक्षा : चुनौतियां एवं अवसर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

हिसार, 26 दिसम्बर (विरेन्द्र वर्मा): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय सामुदायिक विज्ञान शिक्षा: चुनौतियां एवं अवसर रहेगा। इस संगोष्ठी का बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा प्रोजेक्ट के तहत इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय ने इस वर्ष में अपनी स्थापना के 50 साल पूरे कर लिए है और इसी उपलक्ष्य में नई शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय का नाम गृह-विज्ञान से बदलकर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सतत सामुदायिक विकास के सम्मुख आने वाली बाधाओं, समाधानों पर विचार करना एवं संवसायिक सामुदायिक क्षमता निर्माण के लिए नीति-निर्माताओं को दिशा-निर्देश प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2023 को अधिक व्यवहारिक और तेजी से बदलते रोजगार और आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप बनाने पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें उपरोक्त महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राएं भाग लेंगी। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा परिवार एवं समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका और सत्त एवं समग्र विकास विषयों पर संवादात्मक व्याख्यान दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में लिंग संबंधी बाधाओं को समझने और लिंग अनुकूल समुदाय बनाने के लिए नए प्रतिमानों पर गहन विश्लेषण भी किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 27-12-23 | 04 | 06 |

## एचएयू में आज होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। संगोष्ठी का विषय- ''सामुदायिक विज्ञान शिक्षा : चुनौतियां एवं अवसर रहेगा''। इस संगोष्ठी का उद्घाटन बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज करेंगे।

महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय ने इस वर्ष अपनी स्थापना के 50 साल पूरे किए हैं और इसी उपलक्ष्य में नई शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय का नाम गृह-विज्ञान से बदलकर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रखा गया है। उन्होंने बताया कि संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राएं भाग लेंगी। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों की तरफ से परिवार एवं समाज में महिलाओं की बदलती भूमिका और सतत एवं समग्र विकास विषयों पर व्याख्यान दिए जाएंगे। इसके अलावा लिंग संबंधी बाधाओं को समझने और लिंग अनुकूल समुदाय बनाने पर गहन विश्लेषण भी किया जाएगा। ब्यूरो

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 27-12-23 | 04 | 01 |

## हकृवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज

**जासं, हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। यह संगोष्ठी सामुदायिक विज्ञान शिक्षा, चुनौतियां एवं अवसर विषय पर होगी। इसमें बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा प्रोजेक्ट के तहत इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि-भूमि | 27-12-23 | 09 | 01 |

## राष्ट्रीय संगोष्ठी आज 300 छात्राएं लेंगी भाग

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय सामुदायिक विज्ञान शिक्षा : चुनौतियां एवं अवसर रहेगा। इसमें करीब 300 छात्राएं हिस्सा लेंगी।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 26.12.2023 | -- | -- |

## हकृवि में कल सामुदायिक विज्ञान शिक्षा चुनौतियां एवं अवसर विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोज

हिसार ( चिराग टाइम्स ) - विश्वविद्यालय के इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाली संगोष्ठी में लगभग 300 छात्राएं लेंगी भाग। 26 दिसंबर, हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय सामुदायिक विज्ञान शिक्षा - चुनौतियां एवं अवसर रहेगा। इस संगोष्ठी का बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा प्रोजेक्ट के तहत इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. मंजू महता ने बताया कि महाविद्यालय ने इस वर्ष में अपनी स्थापना के 50 साल पूरे कर लिए है और इसी उपलक्ष्य में नई शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए महाविद्यालय का नाम गृह-विज्ञान से बदलकर सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य सतत सामुदायिक विकास के सम्मुख आने वाली बाधाओं, समाधानों पर विचार करना एवं सव्यवसायिक सामुदायिक क्षमता निर्माण के लिए नीति-निर्माताओं को दिशा-निर्देश प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2023 को अधिक व्यवहारिक और तेजी से बदलते रोजगार और आर्थिक परिदृश्य के अनुरूप बनाने पर केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्र होंगे, जिनमें उपरोक्त महाविद्यालय की लगभग 300 छात्राएं भाग लेंगी। तकनीकी सत्रों में विशेषज्ञों द्वारा परिवार समाज में महिलाओं की बद भूमिका और सन एवं विकास विषयों पर संवाद व्याख्यान दिए जाएंगे। उ बताया कि राष्ट्रीय संगोष्ठी में संबंधी बाधाओं को समझने लिंग अनुकूल समुदाय बनाने लिए नए प्रतिमानों पर विश्लेषण भी किया जाएगा।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक ट्रिब्यून | 27-12-23 | 09 | 04 |

## सामुदायिक विज्ञान शिक्षा चुनौतियां एवं अवसर पर संगोठी आज

हिसार 26 दिसंबर (हप्र)

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंती के उपलक्ष्य में 27 दिसंबर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय सामुदायिक विज्ञान शिक्षा चुनौतियां एवं अवसर रहेगा। इस संगोष्ठी का बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज उद्घाटन करेंगे। विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा प्रोजेक्ट के तहत इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| पंजाब केसरी | 27-12-23 | 04 | 7-8 |


## हकृवि में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन आज

हिसार, 26 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की स्वर्ण जयंति के उपलक्ष्य में 27 दिसम्बर को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा, जिसका विषय 'सामुदायिक विज्ञान शिक्षा : चुनौतियां एवं अवसर' रहेगा। इस संगोष्ठी का बतौर मुख्यातिथि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज उद्घाटन करेंगे। संगोष्ठी के तीन तकनीकी सत्र होंगे।